अनंत अवसरों का द्वार

GATE – 2022 के माध्यम से अधिकारियों/अभियंताओं की भर्ती

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL) तेल, गैस, पेट्रोकेमिकल्स और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों में उपस्थिति के साथ एक विविध, एकीकृत ऊर्जा प्रमुख है। ***'महारत्न'*** का दर्जा प्राप्त संगठन ***'भारत की ऊर्जा'*** और **'एक वैश्विक रूप से प्रशंसित कंपनी'** बनने की महत्वकांक्षा रखता है।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड साल दर साल काम करने के लिए भारत की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में से एक है और इसे राष्ट्र–निर्माताओं के बीच सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता के रूप में मान्यता दी गई है। कर के भुगतान के बाद वित्त वर्ष 2020-21 में इंडियनऑयल ने 21,836 करोड़ का सर्वकालिक उच्चतम लाभ कमाया। अपने उच्च क्षमता वाले कार्यबल और अत्याधुनिक तकनीकों के साथ, संगठन सतत विकास समाधानों की ओर अग्रसर है और भविष्य के लिए तैयार है।

अपने भविष्य के विकास को बढ़ावा देने के लिए, इंडियनऑयल निम्नलिखित विषयों से कॉर्पोरेशन में भर्ती होने के लिए ऊर्जावान और समर्पित स्नातक इंजीनियरों की तलाश GATE-2022 के माध्यम से कर रहा है:

केमिकल इंजीनियरिंग (CH)	सिविल इंजीनियरिंग (CE)	कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग (CS)

इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (EE)	इंस्ट्रूमेंटेशल इंजीनियरिंग (IN)	मैकेनिकल इंजीनियरिंग (ME)	मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग (MT)

इंडियनऑयल में भर्ती होने के इच्छुक उम्मीदवारों को उपरोक्त इंजीनियरिंग विषयों में से एक में GATE-2022 परीक्षा लिखनी होगी। ग्रुप डिस्कशन, ग्रुप टास्क और व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए योग्य उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग GATE-2022 संबंधित विषय में प्राप्त अंकों के आधार पर की जायेगी। पिछले वर्षों के GATE अंक (GATE-2021 या इससे पहले) स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

GATE-2022 के लिए आवेदन करने के अलावा, उम्मीदवारों को हमारे ऑनलाइन पोर्टल पर भी अलग से आवेदन करना होगा जो GATE-2022 अधिकारियों द्वारा एडमिट कार्ड जारी होने के बाद लाइव होगा। विस्तृत विज्ञापन, पात्रता मानदंड की रूपरेखा और अन्य जानकारी हमारी वेबसाइट पर करियर के अनुभाग में https://iocl.com/latest-job-opening पर जारी की जाएगी। अभ्यर्थी नए अपडेट के बारे में जानने के लिए उक्त लिंक को चेक करते रहें।

इंडियनऑयल

IndianOil